# जून 2024

## PRS के प्रमुख हाइलाइट्स:

- राजनीति और शासन
  - नई केंद्र सरकार का गठन
  - राष्ट्रपति के अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियाँ
  - सिनेमैटोग्राफ (दंड अधिनिर्णय) नियम, 2024
  - भारत में फोरेंसिक बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने की योजना
- अर्थव्यवस्था
  - अपतटीय खनिज क्षेत्रों की पहचान करने के नियम अधिसूचित
  - अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन लाइसेंस प्रदान करने हेतु नए नियम अधिसूचित
- शिक्षा
  - स्नातकोत्तर कार्यक्रमों हेतु पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क ज़ारी
  - परीक्षा प्रक्रिया में सुधार का सुझाव देने हेतु उच्च स्तरीय समिति गठित
- पर्यावरण
  - अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं हेतु व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण को मंज़ूरी

## राजनीति और शासन

## नई केंद्र सरकार का गठन

- 18वीं लोकसभा के चुनाव के परिणाम **4 जून, 2024** को घोषित किये गये और **543 निर्वाचन क्षेत्रों** से 41 दलों के सदस्य चुने गये।
- **राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (National Democratic Alliance- NDA)** ने श्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर सरकार बनाई।

//

| Party | No. of seats |
|---|---|
| Bharatiya Janata Party | 240 |
| Indian National Congress | 99 |
| Samajwadi Party | 37 |
| All India Trinamool Congress | 29 |
| Dravida Munnetra Kazhagam | 22 |
| Telegu Desam Party | 16 |
| Janata Dal (United) | 12 |
| Others | 88 |
| **Total** | **543** |

## राष्ट्रपति के अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियाँ

- भारत के राष्ट्रपति ने **27 जून, 2024** को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया।
- **अभिभाषण के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं:**
  - **अर्थव्यवस्था:** 10 वर्षों में भारत **11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** से बढ़कर विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सरकार भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिये प्रयासरत है।
  - **उद्योग:** सेमीकंडक्टर से लेकर लड़ाकू जेट और विमानवाहक पोत तक के उभरते क्षेत्रों को मिशन मोड में बढ़ावा दिया जा रहा है। पूर्वोत्तर क्षेत्र मेड-इन-इंडिया चिप्स (Made-in-India Chips) का केंद्र बनेगा।
  - **रक्षा: पिछले वर्ष रक्षा खरीद का लगभग 70% हिस्सा भारतीय निर्माताओं से लिया गया। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में** रक्षा गलियारे **विकसित किये जा रहे हैं।**
  - **बुनियादी ढाँचा और परिवहन:** उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिये व्यवहार्यता अध्ययन किया जाएगा। सरकार लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करने हेतु निरंतर प्रयास कर रही है।
  - **शहरी एवं ग्रामीण विकास:** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत तीन करोड़ घरों के निर्माण को मंज़ूरी दी गई है।
  - **गृह मंत्रालय: सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम, 1958** को चरणबद्ध तरीके से पूर्वोत्तर के अशांत क्षेत्रों से हटाया जा रहा है।

## सिनेमैटोग्राफ (दंड अधिनिर्णय) नियम, 2024

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय **ने सिनेमैटोग्राफ (दंड अधिनिर्णय) नियम, 2024** को अधिसूचित किया।
- **नियमों की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार हैं:**
  - **प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति:**
    - केंद्र और राज्य सरकारें दंड निर्धारण के लिये प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त कर सकती हैं।
    - केंद्र सरकार के मामले में **प्राधिकृत अधिकारी** अवर सचिव के पद से नीचे का नहीं होना चाहिये।
    - **राज्य सरकारों** के मामले में अधिकारी निम्न पद से नीचे नहीं होने चाहिये:
      - अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट
      - अतिरिक्त कलेक्टर
      - ज़िले के अतिरिक्त उपायुक्त
      - राज्य सरकार के अवर सचिव
  - **जुर्माना लगाना:**
    - जुर्माने की राशि निम्नलिखित **निर्दिष्ट कारकों** पर विचार करने के बाद तय की जाएगी:

        - उल्लंघन की प्रकृति।
        - अनुपातहीन लाभ या लाभ की मात्रा।
        - उल्लंघन की पुनरावृत्ति।
    - जुर्माना तय करने का आदेश नोटिस जारी करने के **90 दिनों** के भीतर पारित किया जाना चाहिये।
  - **प्राधिकृत अधिकारी की शक्तियाँ:**
    - प्राधिकृत अधिकारी उल्लंघनों की **जाँच करने के लिये कुछ शक्तियों का प्रयोग** कर सकता है। इनमें शामिल हैं:
        - प्रदर्शनी स्थल में प्रवेश करना (या किसी अन्य अधिकारी को प्रवेश करने के लिये प्राधिकृत करना)
        - व्यक्तियों को बुलाना (लिखित रूप में)
        - प्रासंगिक माने जाने वाले साक्ष्य, जैसे निगरानी फुटेज और टिकट स्कैन के लिये आदेश।
  - **अपील प्रक्रिया:**
    - अपीलीय प्राधिकारी निम्न **पद का अधिकारी** नहीं होना चाहिये।
        - उप सचिव या निदेशक, जहाँ प्राधिकृत अधिकारी अवर सचिव स्तर का हो
        - ज़िला मजिस्ट्रेट, जहाँ प्राधिकृत अधिकारी अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट स्तर का होगा।
    - **अपील** प्राधिकृत अधिकारी द्वारा आदेश दिये जाने के **30 दिनों के भीतर दायर** की जानी चाहिये।
    - अपीलीय प्राधिकारी को, जहाँ भी संभव हो, अपीलों का निर्णय **छह माह** के भीतर करना होगा।

## भारत में फोरेंसिक बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने की योजना

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **2,254 करोड़ रुपए** के परिव्यय के साथ **नेशनल फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एन्हांसमेंट स्कीम** (National Forensic Infrastructure Enhancement Scheme) को मंज़ूरी दी।
- इसे **वर्ष 2024-25 से 2028-29** के बीच क्रियान्वित किया जाएगा।
- **इस योजना में निम्नलिखित शामिल होंगे:**
  - देश में **राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (National Forensic Sciences University- NFSU)** के परिसर स्थापित करना
  - **केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएँ** स्थापित करना
  - NFSU के दिल्ली परिसर के मौजूदा बुनियादी ढाँचे को बढ़ाना।
- इस योजना का उद्देश्य देश में **प्रशिक्षित फोरेंसिक जनशक्ति की कमी** को दूर करना तथा **90% से अधिक दोषसिद्धि दर हासिल करने में मदद** करना है।

---

# अर्थव्यवस्था

## अपतटीय खनिज क्षेत्रों की पहचान करने के नियम अधिसूचित

- **खान मंत्रालय** ने **अपतटीय क्षेत्र (खनिज संसाधनों का अस्तित्व) नियम, 2024** अधिसूचित कर दिये हैं।
- इन्हें **अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2002** के अंतर्गत जारी किया गया है।
- **नियमों की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार हैं:**
  - **उत्पादन पट्टे के लिये क्षेत्रों की पहचान:**
    - उत्पादन पट्टा उस क्षेत्र हेतु दिया जा सकता है जिसके लिये:
        - कम-से-कम **सामान्य अन्वेषण** पूरा हो गया है
        - एक **भू-वैज्ञानिक अध्ययन** रिपोर्ट तैयार की गई है।
  - **समग्र लाइसेंस के लिये क्षेत्रों की पहचान:**
    - **समग्र लाइसेंस** उस क्षेत्र हेतु दिया जा सकता है जिसके लिये:
        - **कम-से-कम सर्वेक्षण** पूरा हो चुका है या मौजूदा **भूविज्ञान डेटा के आधार** पर **खनिज ब्लॉक की खनिज क्षमता** की पहचान कर ली गई है, लेकिन **संसाधनों का पता लगाना** अभी बाकी है।
        - एक **भूवैज्ञानिक अध्ययन** रिपोर्ट तैयार की गई है।
  - **समग्र लाइसेंस के लिये किसी क्षेत्र को अधिसूचित करने हेतु आवेदन:**
    - उपरोक्त उल्लिखित मानदंडों के आधार पर केंद्र सरकार समग्र लाइसेंस प्रदान करने के लिये क्षेत्रों को अधिसूचित करेगी।
    - कोई भी इच्छुक व्यक्ति समग्र लाइसेंस प्रदान करने के लिये किसी क्षेत्र को अधिसूचित करने हेतु सरकार को प्रस्ताव भी प्रस्तुत कर सकता है।

## अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन लाइसेंस प्रदान करने हेतु नए नियम अधिसूचित

- **केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (Central Electricity Regulatory Commission- CERC)** ने **CERC (ट्रांसमिशन लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रिया, नियम और शर्तें तथा अन्य संबंधित मामले) विनियम, 2024** अधिसूचित कर दिये हैं।
- यह विधेयक **अंतर-राज्यीय विद्युत** पारेषण के लिये लाइसेंस प्रदान करने और प्रशासन हेतु रूपरेखा प्रदान करता है।
- **2024 विनियमों के अंतर्गत प्रमुख परिवर्तन निम्नलिखित हैं:**
  - **कुछ प्रयोजनों के लिये छूट:**

        - **वितिरण लाइसेंसधारियों और थोक उपभोक्ताओं** को अपनी प्रणालियों को अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली से जोड़ने वाली पारेषण लाइनों को विकसित करने तथा संचालित करने के लिये लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी।
        - **थोक उपभोक्ता** से तात्पर्य उन उपभोक्ताओं से है, जो 33 KV या उससे अधिक वोल्टेज पर आपूर्ति प्राप्त करते हैं।
    - **मौजूदा लाइसेंस के तहत अतिरिक्त कार्यों के लिये प्राधिकरण:**
        - इसमें ऐसे अतिरिक्त कार्यों को मौजूदा लाइसेंस के अंतर्गत शामिल करने का प्रावधान है।
        - लाइसेंसधारक इस प्रयोजन के लिये मौजूदा लाइसेंस में संशोधन हेतु CERC को आवेदन कर सकता है।

---

**शिक्षा**

# स्नातकोत्तर कार्यक्रमों हेतु पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क जारी

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission- UGC) ने "**स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिये पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क**" जारी किया।
- **इस ढाँचे का उद्देश्य निम्नलिखित के लिये लचीलापन प्रदान करना है:**
    - **स्नातक कार्यक्रमों (UG)** में पढ़ाए गए विषयों से भिन्न विषयों का अध्ययन करना
    - विभिन्न शिक्षण विधियों से PG शिक्षा प्राप्त करना
    - एक साथ **शैक्षणिक या औद्योगिक कार्य करना** और उसके लिये क्रेडिट प्राप्त करना
    - **एक वर्ष के बाद PG डिप्लोमा के साथ PG कार्यक्रम** से बाहर निकलना।
- **फ्रेमवर्क की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं:**
    - **PG कार्यक्रम के लिये क्रेडिट आवश्यकता और पात्रता:**
        - इसमें स्नातक स्तर के छात्रों के लिये विभिन्न प्रकार के PG कार्यक्रमों हेतु **पात्रता मानदंड** निर्धारित किये गए हैं।
            - उदाहरण के लिये **एक वर्षीय MA, MCom या MSc डिग्री हेतु पात्र** होने के लिये, उम्मीदवार के पास **न्यूनतम 160 क्रेडिट** के साथ ऑनर्स के साथ स्नातक की डिग्री होनी चाहिये।
            - हालाँकि **दो वर्षीय MA, MCom या MSc डिग्री हेतु पात्र होने के लिये उन्हें 120 क्रेडिट** के साथ तीन वर्षीय/छह सेमेस्टर की स्नातक डिग्री की आवश्यकता होती है।
    - **ऋण वितिरण:**
        - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, इस रूपरेखा के अनुसार PG कार्यक्रमों की अवधि एक या दो वर्ष होनी चाहिये।
        - **एक वर्षीय** PG कार्यक्रम में **40 क्रेडिट** होंगे। इसे कोर्स वर्क, रिसर्च (प्रत्येक 20 क्रेडिट) या दोनों करके प्राप्त किया जा सकता है।
        - **दो वर्षीय PG डिप्लोमा** में **40 क्रेडिट** होते हैं, जिन्हें केवल पाठ्यक्रम के माध्यम से ही प्राप्त किया जाना चाहिये।
        - अन्य **दो वर्षीय PG कार्यक्रमों** में भी **40 क्रेडिट** होते हैं। इन्हें कोर्सवर्क, शोध या दोनों (प्रत्येक में 20 क्रेडिट) के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।
    - **PG में विषय बदलने में लचीलापन:**
        - यह रूपरेखा स्नातक छात्रों को निम्नलिखित की अनुमति देती है:
            - यदि वे **प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण** हो जाते हैं, तो **स्नातकोत्तर में एक अलग विषय का अध्ययन** कर सकते हैं।
            - किसी ऐसे **PG कार्यक्रम** के लिये आवेदन करना जो स्नातक अध्ययन में प्रमुख या गौण विषय रहा हो।
            - इस फ्रेमवर्क के अंतर्गत, कुछ छात्र मास्टर इन इंजीनियरिंग या मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिये पात्र होंगे।
    - **आकलन:**
        - यह रूपरेखा सुझाव देती है कि मूल्यांकन योगात्मक (इसमें इकाई परीक्षण और सेमेस्टर-वार परीक्षाएँ शामिल हैं) के विपरीत सतत् होना चाहिये।
        - इसमें यह भी सुझाव दिया गया है कि मूल्यांकन सीखने के परिणामों पर आधारित होना चाहिये।
        - राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा योग्यता रूपरेखा **(National Higher Education Qualification Framework- NHEQF)** UG और PG कार्यक्रमों के लिये सीखने के परिणामों को रेखांकित करती है।

# परीक्षा प्रक्रिया में सुधार का सुझाव देने हेतु उच्च स्तरीय समिति गठित

- शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत **उच्च शिक्षा विभाग** ने परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिये एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।
- समिति की अध्यक्षता IIT कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के **अध्यक्ष** और इसरो के पूर्व अध्यक्ष **डॉ. के. राधाकृष्णन** करेंगे।
- समिति निम्नलिखित पर **सिफारिशें** करेगी:
    - **परीक्षा प्रक्रिया** के तंत्र में सुधार
    - **डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल** में सुधार
    - राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की संरचना और कार्यप्रणाली।

---

**पर्यावरण**

# अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं हेतु व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण को मंज़ूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं** के लिये **व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण** उपलब्ध कराने की योजना को मंज़ूरी दे दी है।
- अपतटीय पवन ऊर्जा से तात्पर्य **जल निकायों, आमतौर पर समुद्र में** स्थापित **पवन टर्बाइनों** के माध्यम से विद्युत उत्पादन से है।
- **व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण** से तात्पर्य उन परियोजनाओं के लिये वित्तीय सहायता से है, जो आर्थिक रूप से उचित हो सकती हैं**,लेकिन वित्तीय व्यवहार्यता से कम** हैं।
- इस योजना से **गुजरात और तमिलनाडु** के तट पर **500-500 मेगावाट सहित** कुल एक गीगावाट क्षमता की स्थापना में सहायता मिलेगी।
  - इन दोनों परियोजनाओं से **प्रतिवर्ष 3.7 बिलियन यूनिट विद्युत उत्पन्न** होने का अनुमान है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prs-june-2024